जनपद पंचायत की वार्डवार समीक्षा बैठकों में विकास कार्यों की प्रगति परखी : चिटनिस

विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश

ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, जनसमस्याओं एवं आगामी कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बुधवार से बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में जनपद पंचायत स्तर पर वार्डवार समीक्षा बैठकों का शुभारंभ करते हुए ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, जनसमस्याओं एवं आगामी कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

प्रथम दिवस में पातोंडा, बिरोदा, लोनी, हतनूर, बंभाड़ा, मोहद,मंगरुल, खामला, बलड़ी एवं इच्छापुर वार्ड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जन प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, सरपंचों, उपसरपंचों, सचिवों,रोजगार सहायकों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री सृजन वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल,शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत सदस्य किशोर पाटिल, दिलीप पवार, डॉ.अरूण सूर्यवंशी,जनपद पंचायत सीईओ संजयसिंह सहित जनप्रतिनिधि,विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि गांवों का समग्र विकास सुनियोजित कार्ययोजना, पारदर्शिता,जवाबदेही और जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने सभी पंचायतों को अपने.अपने गांवों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकताएं तय कर विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विधायक निधि, विधायक विशेष निधि,पंचम एवं पंद्रहवें वित्त आयोग सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण किए जाएं। पंचायतों को प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग स्थानीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए किया जाए।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यानिकी, विद्युत, राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,जल संसाधनए, स्वास्थ्य, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए श्रीमती चिटनिस ने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर समस्याओं का त्वरित निराकरण करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अर्चना चिटनिस ने जल संवर्धन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत वर्षा जल संचयनए तालाबों,कुओं एवं अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षणए जल संरचनाओं के पुनर्जीवन तथा भूजल स्तर बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करे। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पंचायतों को कर वसूली अभियान प्रभावी ढंग से संचालित कर पंचायतों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने, स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने तथा प्रत्येक गांव को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों को कपड़े की थैलियां वितरित कर प्लास्टिक मुक्त गांव का संकल्प दिलाया। चिटनिस ने कहा कि सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टिकरण के मंत्र के साथ जनसेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक पंचायत गांव की समस्याओं, आवश्यक विकास कार्यों एवं हितग्राहियों का विस्तृत रोडमैप तैयार करे,ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और प्रत्येक गांव विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचे।

सीएसपी के स्थानांतरण पर विदाई दी

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर। समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के स्थानान्तरण पर भावभीनी बिदाई सम्मान समारोह संस्था के संरक्षक व् संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन,संरक्षक व सलाहकार डॉ फौजिया सोडावाला ,संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह,संस्था उपाध्यक्ष सुनील सलूजा,कार्यकारिणी व सदस्य रजनी गट्टानी,आशा तिवारी, अरुण जोशी,देवचंद शर्मा , विवेक हकीम द्वारा किया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ने जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा आयोजित बिदाई सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा की निश्चित रूप से मै बुरहानपुर को और बुरहानपुर के जनमानस को कभी भी नही भुला पाउँगा। मैंने यहा आकर हर सम्प्रदाय के जनमानस में एक दुसरे के प्रति प्रेम,भाईचारा के साथ साथ जो सूझ बुझ यहा के जनमानस के अंतर्गत प्रशासन के प्रति सहयोगात्मक रवय्या अपनाने में देखी है वह काबिले तारीफ है।

खासकर मै जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के सदस्यों को इसलिए भी नही भूला पाउँगा, क्योकि जो कार्य आप शासन की योजनाओं व कार्यों को जनमानस में जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित कर करते है सराहनीय कदम है आप ऐसे ही कार्य निरंतर करते रहे स इन्ही शुभकामनाओं के साथ आपका बहुत बहुत आभारी हूँ।

संरक्षक व् संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा की आपके लगभग 3 साल के कार्यकाल में जो कार्यप्रणाली को अपनाकर शहर में जो शांति व्यवस्था कायम करने में आपने अपने उच्च अधिकारियों के सहयोग से जो कार्य प्रतिपादित किया है यह बुरहानपुर जिले के लिए एक सुखद समय रहा है।

साइबर जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। अभियान के तहत ऑनलाइन ठगी,फर्जी कॉल, साइबर फ्रॉड,सोशल मीडिया धोखाधड़ी डिजिटल भुगतान सुरक्षा तथा साइबर अपराधों के सम्बन्ध मे की विस्तार से जानकारी दी गई। पेम्फ्लेट वितरित किए गए।

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले में अभियान संचालित किया जा रहा है। साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन अथवा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

साइबर जागरूकता सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत आज बुरहानपुर पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थानालालबाग पुलिस द्वारा शासकीय कन्या शाला लालबाग,थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मिलन तिराहा पर एवं थाना नेपानगर पुलिस द्वारा नेहरू स्टेडियम नेपानगर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम में उपस्थित में उपस्थित छात्र.छात्राओं एवं आमजन को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल एवं फ्रॉड, अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी,सोशल मीडिया सुरक्षा तथा साइबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई।

पुलिस पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करेंए संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन अथवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के माध्यम से साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया।

10 मिनट का देशभक्ति गौरवशाली कार्यक्रम

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति बुरहानपुर इकाई द्वारा माह जुलाई का मासिक कार्यक्रम 10 मिनट हमारे पूर्वजों स्वतंत्रता सेनानियों के नाम का गौरवशाली कार्यक्रम आज बुधवार को प्रात: 09.00 बजे श्रद्धा एवं राष्ट्रभक्ति के साथ संपन्न हुआ।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिलालेख , नेहरू प्रतिमा परिसर, बुरहानपुर :-कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिलालेख पर माल्यार्पण' कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय गीत श्वन्दे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर भारत माता की जय , वन्दे मातरम एवं स्वतंत्रता सेनानी अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में स्वतंत्रता आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों के अतुलनीय योगदान पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गोपालदास गुजराती के नेतृत्व एवं स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना श्रीमती ताराबेन राधाकृष्ण शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति के उत्तराधिकारी दिनेश शत्रुघ्न चौहान, महेन्द्र सिंह भरतसिंह राजपूत, कुमारी आयुषी शैलेश शाह, जयकुमार सरदार, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक सक्षम यादव तथा आयुष चौधरी श्रीगणेश उ.मा. विद्यालय सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डॉक्टर्स डे पर प्रख्यात चिकित्सकों एवं सीए का सम्मान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ताप्ती सेवा समिति, बुरहानपुर द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की सेवा में समर्पित चिकित्सा एवं वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था।

इस अवसर पर वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.आई.एल. मूंदड़ा, डॉ. सुबोध बोरले, डॉ.मनोज अग्रवाल, डॉ. रफत अंसारी,डॉ.निमिषा कक्कड़ लाड, डॉ.आशीष जैन, डॉ. राहुल सुगंधी,डॉ.किरीट श्रॉफ,डॉ.उषा श्रॉफ ,डॉ.कनसिया,डॉ.दर्शन मोरे,डॉ.पराग, डॉ वैशाली केसरी तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए मुस्कान कक्कड़ एवं सीए राहुल छाबड़िया का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान.पत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत ने कहा कि चिकित्सक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दोनों ही अपने.अपने क्षेत्र में समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। चिकित्सक जहां मानव जीवन की रक्षा कर सेवा का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत करते हैं,वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणादायक है।

कार्यक्रम में धर्मेंद्र सोनी, अत्ताउल्लाह खान, डॉ.युसूफ खान, नंदकिशोर वाणे, रियाज. उल.हक अंसारी, विनय पुनीवाला, देवचरण शर्मा, राजकुमार बचवानी, राजीव हुसैन अंसारी, श्रीराम अग्रवाल सहित ताप्ती सेवा समिति के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इस आयोजन को सफल बनाने में केमिस्ट मनोज गुप्ता, अपना कमर्शियल क्रेडिट को.ऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष शरद मोरे, संस्थापक अध्यक्ष नीरज कक्कड, अधिकारी डॉ.नरेन्द्र राजपूत एवं प्रबंधक समाधान चौधरी का विशेष सहयोग रहा। जिसके लिए समिति ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित अतिथियों का अभिनंदन करते हुए समाज सेवा एवं जनकल्याण के लिए निरंतर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

एक नजर में

आर्ट ऑफ़लिविंग का सत्संग आज प्रतापपुरा में मनसाराम महाराज सभागृह में होगा

बुरहानपुर। आध्यात्मिक संस्था आर्ट ऑफ़ लिविंग का सत्संग आज प्रतापपुरा में मोरे आर्ट के सामने स्थित मंसाराम महाराज ट्रस्ट के सभागार में आयोजित किया गया है। संस्था के केंद्र प्रमुख संतोष देवताले और सत्संग आयोजक रीतेश मालवे ने बताया कि सत्संग का समय प्रति गुरुवार अनुसार रात्रि 9 से 10 बजे तक का रहेगा। जिसमें स्थानीय व्यक्ति विकास केन्द्र के साथ साधक भरत सराफ,भरत रावल, राजेन्द्र पवार, दीपाली पंडित,अश्विनी मेहता ईश्वरीय आराधना और गुरु भक्ति पर आधारित मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देंगे। प्रशिक्षक रवींद्र पण्डित द्वारा आगामी सप्ताह में आयोजित हो रहे पांच से अठारह वर्ष के बच्चों के इंट्यूशन प्रोसेस अर्थात ज्ञान की छठी इंद्री जागरण के शिविर की जानकारी दी जाएगी तथा उपस्थित सभी साधकों को ध्यान क्रिया भी कराई जाएगी। संस्था से जुड़े चिंतामन महाजन,मुकेश पूर्वे,दीपक अदमने ,भास्करराव चालसे, शेखर बोहरा ने समस्त संस्था सदस्यों और नगरवासियों से सत्संग में उपस्थिति का आग्रह किया है।

एकलव्य आदर्श विद्यालय सातपायरी में वन महोत्सव

नेपानगर। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सातपायरी में बुधवार को वन महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में पौरोपण किया गया। प्राचार्य रत्नेश कुमार की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान अंकित यादव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। वहीं पवनीश कुमार ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्वए पर्यावरण संरक्षणए एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में जानकारी दी। अधिक अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए लगाए गए पौधों की सुरक्षाए देखभाल का संकल्प भी दोहराया।

वीबी.जी.राम.जी पर जन सम्मेलन आज

बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत. गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण 1 जुलाई 2026 से प्रभावशील है। योजना के शुभारंभ के अवसर पर 2 जुलाई गुरूवार को प्रात: 10 बजे कार्यालय जिला पंचायत बुरहानपुर सभाकक्ष में ष्ज्न सम्मेलन सह लॉन्च कार्यक्रमष्ष् आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों,स्व सहायता समूहों के सदस्यों,श्रमिकों, हितग्राहियों, युवाओं एवं स्थानीय समुदाय इत्यादि द्वारा सहभागिता की जायेगी।

नगर निगम डिप्टी स्पीकर का गंदे पानी में प्रदर्शन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर नगर निगम के डिप्टी स्पीकर और लोहार मंडी वार्ड के पार्षद फहीम हाशमी ने बुधवार दोपहर गंदे पानी में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने वार्ड में पिछले आठ महीने से चोक नालियों और सड़क पर बह रहे गंदे पानी की समस्या को लेकर नगर निगम प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। यह प्रदर्शन बुधवार दोपहर करीब एक बजे चंद्रकला से पाला बाजार तक की सड़क पर हुआ। फहीम हाशमी अपने वार्ड के कुछ लोगों के साथ गंदे पानी के बीच बैठ गए और विरोध जताया। हाशमी ने बताया कि वार्ड की नालियां पिछले आठ महीने से चोक हैं। इससे गंदा पानी लगातार सड़क पर बह रहा है। इसके कारण आम लोगों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को आने.जाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम इस समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। फहीम हाशमी ने कहा कि इस समस्या की जानकारी कई बार महापौर और नगर निगम आयुक्त को दी जा चुकी है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी विरोध दर्ज कराया गयाए लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जब तक महापौर खुद मौके पर आकर समस्या का समाधान नहीं करतींए तब तक वे प्रदर्शन जारी रखेंगे।

नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पार्षद से चर्चा कर समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा।

एमपी गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के डॉ .प्रतीक चौधरी अध्यक्ष,पुष्पेंद्र जामले सचिव

महिला प्रकोष्ठ भी शामिल

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर में डॉक्टर्स डे के अवसर पर मध्य प्रदेश गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन की जिला इकाई का गठन किया गया। इस दौरान डॉ.प्रतीक चौधरी को अध्यक्ष और डॉ.पुष्पेंद्र जामले को सचिव नियुक्त किया गया। संगठन में एक महिला प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है।

बुधवार को डॉक्टर्स डे पर बड़ी संख्या में चिकित्सक जिला अस्पताल में एकत्रित हुए। सभी चिकित्सा अधिकारियों ने शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने चिकित्सकों के अधिकारों और हितों की रक्षा करने तथा संगठन को सशक्त,सक्रिय और अनुशासित बनाने की भी शपथ ली। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शासकीय चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी किया गया और रक्त केंद्र, जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

सर्वसम्मति से गठित जिला कार्यकारिणी में डॉ.प्रतीक चौधरी को अध्यक्ष,आरएमओ डॉ.भूपेंद्र गौर और डॉ.नाबिल अहमद को उपाध्यक्ष, डॉ.पुष्पेंद्र जामले को सचिव,डॉ.गौरव थावानी को कोषाध्यक्ष,डॉ.पूनम सिंघाल को महिला प्रकोष्ठ प्रतिनिधि,डॉ.भारत चौधरी को मीडिया प्रभारी और डॉ. ज्ञानेंद्र रघुवंशी को समन्वयक बनाया गया।

संगठन पारंपरिक एसोसिएशन मॉडल से हटकर एक डिजिटल.फर्स्ट, एविडेंस.बेस्ड, ट्रांसपेरेंट और गवर्नेंस.सपोर्टिव प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। इसका उद्देश्य केवल डॉक्टरों की समस्याओं को उठाना नहीं है। इसका मुख्य लक्ष्य सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत, उत्तरदायी, संवेदनशील और परिणामोन्मुखी बनाने में रचनात्मक सहयोग देना है। संगठन सरकार का रचनात्मक सहयोगी बनेगा।

यह इमरजेंसी रिस्पांस और क्वालिटी ऑफ केयर जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए काम करेगा। इसके साथ ही, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास भी किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर जिला चिकित्सालय बुरहानपुर की मेट्रन कृष्णा चौहान और नर्सिंग ऑफिसर्स ने चिकित्सकों का सम्मान किया।

राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का हुआ सामूहिक गायन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जुलाई माह के प्रथम कार्यालयीन दिवस पर बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन.गण.मन का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारीगण मौजूद रहे। विदित है कि सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की प्रथम तिथि को कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन किया जाता हैं,तत्पश्चात् कार्यालयीन गति विधियां प्रारंभ की जाती है।

एक नजर — शहर के सात वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सकों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार से सम्मान....

अखिल भारतीय चिकित्सा संघ एवं आरोग्य भारती द्वारा सात वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विश्व चिकित्सा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय चिकित्सा संघ एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में शहर के सात वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सकों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार से सम्मान किया गया। समारोह में चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं समाज के प्रति समर्पित सेवाओं की सराहना की गई।

सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में डॉ.आलोक गर्ग एम.एस.सर्जन, डॉ.कीर्तिका तारवाला स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ.राकेश लाड़ ऑर्थोपेडिक सर्जन,डॉ.डी.के. पाटीदार ऑर्थोपेडिक सर्जन,डॉ. दर्पण टोके अधीक्षक शासकीय जिला चिकित्सालय डॉ.अशोक पगारे सर्जन तथा डॉ.राकेश चौकसे शिशु रोग विशेषज्ञ शामिल रहे।

आरोग्य भारती के जिला संयोजक डॉ.मनोज अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सक समाज के लिए भगवान का स्वरूप हैं। वे अपने ज्ञानए अनुभव और सेवा भाव से लोगों को नया जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का सम्मान करना मानवता का सम्मान है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय चिकित्सा संघ के जिला अध्यक्ष श्री विनोद चौधरी, डॉ.किरण कोल्हे, डॉ. दिलीप चौहान,डॉ.तरुण चौकसे, डॉ. सुभाष माने, डॉ.डी.पी.चौहान, डॉ. बृजेश श्रीवास्तव सहित अनेक चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स का कांग्रेस ने किया सम्मान

नवभारत न्यूज,
नेपानगर।

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर नेपानगर में कांग्रेस ने नगर के सम्मानित डॉक्टर्स का घर जाकर सम्मान किया आप को बता दे यह विशेष दिन महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों के अमूल्य योगदान, समर्पण और उनके अथक प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करना होता है। जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र मसाने ने बताया कि डॉक्टर्स डे की इसी कड़ी में नगर के प्रसिद्ध डॉक्टर बी.पी.रघुवंशी, डॉक्टर ओएपी महाजन, डॉक्टर यशवंत पाटील, डॉक्टर जांझडीवाल, डॉक्टर जयश्री मोरे, डॉक्टर दुबे का पुष्पगुच्छ और शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया । इस दौरान कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष जगमीत सिंह जॉली, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू पाटील,किशोर राजपुत,पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेश पटेल, पूर्व पार्षद कैलाश पटेल उपस्थित रहे।